| |
|---|
| दिनांक 08.01.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 17/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद बदायूँ/थाना दातागंज**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूटे गये पीली–सफेद धातु के आभूषण**
- **22 हजार 500 रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 07.01.2026 को थाना दातागंज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बिनावर–डहरपुर मार्ग पर पुलिस कार्यवाही में अभियुक्त वसीम घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लूटे गये पीली–सफेद धातु के आभूषण, 22 हजार 500 रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना दातागंज पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना दातागंज पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–वसीम निवासी हथनीभूड थाना मूसाझाग जनपद बदायूँ।

**बरामदगी**

1–लूटे गये पीली–सफेद धातु के आभूषण।

2–22 हजार 500 रूपये नगद।

3–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद रामपुर/थाना शाहबाद

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 08.01.2026 को थाना शाहबाद पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर चन्दौसी रोड लक्खीबाग के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त सत्यवीर को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है जो थाना शाहबाद पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना शाहबाद पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सत्यवीर निवासी ग्राम धुरियाई थाना शाहबाद जनपद रामपुर।

## जनपद हमीरपुर/थाना जरिया

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 14 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 08.01.2026 को थाना जरिया व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 04 अभियुक्तों 1–हरिमोहन 2–हिमान्शु 3–राहुल 4–गुलाम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 14 मोटर साइकिल बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना जरिया पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–हरिमोहन निवासी ग्राम चिल्ली थाना राठ जनपद हमीरपुर।

2–हिमान्शु निवासी ग्राम अमूंद थाना जरिया जनपद हमीरपुर।

3–राहुल निवासी ग्राम न्यूलीबासा थाना जलालपुर हमीरपुर।

4–गुलाम निवासी ग्राम सिचौली पुरवा थाना मौदहा जनपद हमीरपुर।

**बरामदगी**

1–चोरी की 14 मोटर साइकिल।

**जनपद देवरिया/थाना श्रीरामपुर**

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 05 मोटर साइकिल**
- **05 मास्टर चाभियां**
- **02 फर्जी नम्बर प्लेट बरामद**

दिनॉकः 07.01.2026 को थाना श्रीरामपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से अभियुक्त प्रकाश कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी की 05 मोटर साइकिल, 05 मास्टर चाभियां, 02 फर्जी नम्बर प्लेट बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना श्रीरामपुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–प्रकाश कुमार निवासी मोती छापर थाना मैरवा जनपद सिवान, बिहार।

**बरामदगी**

1–चोरी की 05 मोटर साइकिल।

2–05 मास्टर चाभियां।

3–02 फर्जी नम्बर प्लेट।

**जनपद शाहजहॉपुर/थाना जैतीपुर**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **890 ग्राम अवैध फाइन क्वालिटी अफीम**
- **01 मोटर साइकिल**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनॉकः 07.01.2026 को थाना जैतीपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बनखंडी चौराहा से 02 अभियुक्तों 1–ज्ञानेन्द्र 2–अजय को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 890 ग्राम अवैध फाइन क्वालिटी अफीम 01 मोटर साइकिल, 01 मोटर साइकिल बरामद हुयी।

इस सम्बन्ध में थाना जैती पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—ज्ञानेन्द्र निवासी ढका थाना बिसारतगंज जनपद बरेली।

2—अजय निवासी ग्राम कादराबाद थाना बिसारतगंज जनपद बरेली।

**बरामदगी**

1—890 ग्राम अवैध फाइन क्वालिटी अफीम।

2—01 मोटर साइकिल।

3—01 मोटर साइकिल।

**जनपद देवरिया/थाना बनकटा**

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 07 लाख रूपये कीमत के 716 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब**
- **02 चार पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 08.01.2026 को थाना बनकटा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर इंगुरी सराय नरहिया मोड़ के पोखरे के पास से अभियुक्त विशाल प्रताप को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की निशादेही पर लगभग 07 लाख रूपये कीमत के 716 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब, 02 चार पहिया वाहन आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना बनकटा पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—विशाल प्रताप निवासी किशोरी छापर थाना बनकटा जनपद देवरिया।

**बरामदगी**

1—लगभग 07 लाख रूपये कीमत के 716 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब।

2—02 चार पहिया वाहन आदि।

- **जनपद उन्नाव/थाना कोतवाली सदर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा व 50 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद उन्नाव पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद उन्नाव द्वारा थाना कोतवाली सदर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 452/354/506

भादवि व 3/4पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त धर्मराज को 20 वर्ष के सश्रम कारावास व 50 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद हापुड़/थाना धौलाना (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 15 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा व 35 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद हापुड़ पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद हापुड़ द्वारा थाना धौलाना पर पंजीकृत अभियोग में धारा 363 भादवि व 3/4पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त सलमान को 15 वर्ष के सश्रम कारावास व 35 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद हापुड़/थाना हापुड़ नगर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 03 अभियुक्तों को 10–10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा व 25–25 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद हापुड़ पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद हापुड़ द्वारा थाना हापुड़ नगर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 307/34 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त 1–परशुराम 2–अनुज 3–अमित को 10–10 वर्ष के सश्रम कारावास व 25–25 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

——————